# TSRO – 55
# 2024
## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – III)
## GENERAL STUDIES (PAPER – III)

**निर्धारित समय : तीन घण्टे]** **[अधिकतम अंक : 200**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :**
(i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड – **'अ'** से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड – **'ब'** से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।
(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।
(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।
(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः **काट** दें ।

**Specific Instructions :**
(i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.
(ii) **All** questions are **compulsory**.
(iii) The number of marks carries by a question/part is indicated against it.
(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.
(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. खाद्य प्रसंस्करण की आपूर्ति शृंखला प्रबन्धन में ऊर्ध्व प्रवाह तथा अधो प्रवाह क्रियाओं के प्रमुख अवयवों को सोदाहरण चिन्हांकित कीजिये । 8

   Highlight the key components of upstream and downstream activities in food processing supply chain management with suitable examples.

2. किसानों को पर्याप्त ऋण प्रदान करने के लिये सरकार द्वारा अपनाये गये उपायों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिये । 8

   Give a brief account of measures adopted by the Government to provide adequate credit to the farmers.

3. क्या 'भूदान आन्दोलन' भारत में भूमि सुधार का एक हिस्सा था ? इसके प्रमुख प्रभावों की विवेचना कीजिये । 8

   Was the 'Bhoodan Movement' a part of land reforms in India ? Discuss its major effects.

4. नई आर्थिक नीति ने किस प्रकार भारत में रोजगार के ढाँचे को परिवर्तित किया है ? मूल्यांकन कीजिये । 8

   How does the New Economic Policy change the structure of employment in India ? Evaluate.

5. 'भारत जनसंख्या–लाभांश की अवस्था से गुजर रहा है' । इस परिप्रेक्ष्य में, देश में बेरोजगारी की समस्या से समोपयुक्त तरीके से निपटने के लिये सरकार द्वारा अपनाये गये उपायों की विवेचना कीजिये । 8

   'India is experiencing the phase of population-dividend'. In this context, discuss the measures adopted by the Government to tackle appropriately the problem of unemployment in the country.

6. ग्रामीण उत्थान के लिये तकनीक–आधारित समाधान को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार के प्रमुख प्रयास क्या हैं ? 8

   What are major initiatives of Government of India for promoting technology-based solutions for rural upliftment ?

7. डिजिटल अरेस्ट क्या है ? विगत तीन वर्षों में भारत में डिजिटल अरेस्ट की समस्या से सर्वाधिक प्रभावित राज्य कौन–से हैं ? इस दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाये गये प्रभावी उपायों का उल्लेख करें । 8

   What is digital arrest ? Which are the States most effected by the problem of digital arrest in India in the last three years ? Mention the effective measures taken by the Government of India in this direction.

८. आपदा प्रबन्धन के दौरान सुरक्षा एवं संरक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका का वर्णन कीजिये । 8

Describe the role of Artificial Intelligence in the safety and security during disaster management.

9. भारत की सुरक्षा व्यवस्था में भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की भूमिका का उल्लेख कीजिये । 8

Mention the role of Indian Defence Research and Development Organisation in India's security set-up.

10. भारतीय तट रक्षक बल के सम्मुख प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित कीजिये तथा उनसे निपटने के लिये किये गये प्रयासों की व्याख्या कीजिये । 8

Outline the major challenges faced by the coast guard of India and explain the efforts taken to deal with them.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

11. क्या समावेशी विकास, सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करता है ? विवेचना कीजिये । भारत सरकार द्वारा सामाजिक न्याय के साथ समावेशी विकास लाने हेतु क्या कदम उठाये गये हैं ? अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिये । 12

Does inclusive growth ensure social justice ? Discuss. What steps have been taken by the Government of India for bringing inclusive growth with social justice ? Elucidate your answer.

12. "बजट का आधा उपयोग हो पाता है यदि उन्हें केवल नियोजन के उपकरण के रूप में ही प्रयोग किया जाये ।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । 12

"Budgets are half used if they serve only as planning device". Critically examine this statement.

13. भारत में सिंचाई के बुनियादी ढाँचे के विकास में राज्यों और केन्द्र सरकार की भूमिका का आकलन करें । प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी. एम. के. एस. वाई.) देश भर में सिंचाई की पहुँच को बेहतर बनाने में कैसे मदद की है ? 12

Assess the role of States and Central Government in developing irrigation infrastructure in India. How has Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana (P.M.K.S.Y.) helped in improving irrigation access across the country ?

14. हाल के वर्षों में, भारत में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की रणनीति का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये । **12**
Critically evaluate the strategy of poverty alleviation programmes in India, in recent years.

15. बफर स्टॉक से आप क्या समझते हैं ? क्या भारत में खाद्य सुरक्षा के लिये यह आवश्यक है ? स्पष्ट रूप से व्याख्या कीजिये । **12**
What do you understand by buffer stock ? Is it essential for food security in India ? Explain clearly.

16. भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित वैमानिकी शास्त्र की तुलना आधुनिक वैमानिकी शास्त्र से कीजिये । इस क्षेत्र में अनुसंधान हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की नीतियों का उल्लेख कीजिये । **12**
Compare Indian Knowledge Tradition based aeronautics with modern aeronautics. Mention the policies of the Department of Science and Technology for the research in this field.

17. भारत में पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्र कौन–कौन से हैं ? इनके संरक्षण के लिये भारत सरकार की नीतियों का उल्लेख कीजिये । **12**
What are the ecologically sensitive areas in India ? Mention the policies of the Government of India for their protection.

18. 'सामाजिक संजाल स्थल' क्या होते हैं ? और इनका अनियंत्रित उपयोग साइबर हमलों की संभावनाओं में किस प्रकार वृद्धि करता है ? **12**
What are 'Social Networking Sites' and how does their uncontrolled use increase the possibilities of cyber attacks ?

19. पूरे देश में नार्को–आतंकवाद एक गंभीर खतरे के रूप में उभरा है । इससे निपटने के लिये उपयुक्त उपाय सुझाइये । **12**
Narco-terrorism has emerged as a serious threat across the country. Suggest suitable measures to counter it.

20. भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के क्रिया कलापों की व्याख्या कीजिये । **12**
Discuss the functions of National Security Council of India.

---